RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com


# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 311 | नागौर, 18 अक्टूबर, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## वैशाली ठक्कर खुदकुशी मामले में दो लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज




भोपाल।

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को कहा कि टेलीविजन अदाकारा वैशाली ठक्कर द्वारा इंदौर शहर में अपने घर में कथित तौर पर फंदे से लटककर खुदकुशी करने के मामले में दो लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी दंपति हैं और अभिनेत्री के पड़ोसी भी हैं। 29 वर्षीय वैशाली ने रविवार को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में अपने घर में कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। मिश्रा ने सोमवार को भोपाल में मीडियाकर्मियों से कहा, ''वैशाली ठक्कर आत्महत्या मामले में दो लोगों राहुल नवलानी और (उसकी पत्नी) दिशा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।'' उन्होंने कहा कि ये दोनों पड़ोस के ही रहने वाले हैं और वैशाली के परिचित हैं। मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल एवं लैपटॉप अभी खुले नहीं हैं, उनको खोला जा रहा है। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा। वहीं, इंदौर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मोती-उर-रहमान ने पीटीआई-को बताया, ''मौके से करीब पांच पन्नों का एक सुसाइट नोट मिला है, जिसमें वैशाली ने राहुल नामक व्यक्ति पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।'' उन्होंने बताया कि वैशाली के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि राहुल को जैसे ही वैशाली की शादी की योजना के बारे में पता चला, वह उसे परेशान करने लगा। रहमान ने कहा कि राहुल और उसकी पत्नी दिशा अपने घर में नहीं मिले। उनके घर में ताला लगा हुआ है और वे कहीं चले गये हैं।




# किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त जारी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना यानी पीएम किसान की 12वीं किस्त जारी कर दी गई हैं। दिवाली से पहले देशभर के 12 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में आज 2000 रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 16,000 करोड़ रुपये की राशि की 12वीं किस्त जारी कीं। बता दें कि पीएम किसान पोर्टल पर करीब 12 करोड़ से अधिक किसान रजिस्टर्ड हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूसा मेला ग्राउंड में दो दिवसीय पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का उद्घाटन किया और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के अंतर्गत 2 हजार करोड़ रुपये की 12वीं किस्त जारी की।

इस अवसर पर मोदी ने एग्री स्टार्टअप कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत 600 पीएम-किसान समृद्धि केंद्रों (पीएम-केएसके) का भी उद्घाटन किया और 'भारत यूरिया बैग ब्रांड नाम से किसानों के लिए 'एक राष्ट्र-एक उर्वरक नामक महत्वपूर्ण योजना भी लॉन्च की।

बता दें कि देश में मझोले और छोटे किसानों की मदद के लिए शुरू की गई इस योजना को आठ साल हो चुके हैं और देश में करोड़ों किसान इसका लाभ प्राप्त कर चुके हैं। केंद्र सरकार ने 24 फरवरी 2019 को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत, पात्र लाभार्थी किसान परिवारों को 6,000 रुपये प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है. यह प्रत्येक चार माह में 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में देय होता है। फंड सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाता है।

### ऐसे लगा सकते हैं किस्त का पता

पीएम किसान योजना के अंतर्गत आज 12वीं किस्त जारी हो गई है, लेकिन अगर आपको अब तक किस्त आने का मैसेज नहीं आया है, तो आप सबसे पहले अपने नजदीकी बैंक की ब्रांच में जाकर पासबुक में एंट्री करवा सकते हैं। इससे आपको पता चल जाएगा कि आपके खाते में पैसे आए हैं या नहीं। किसान अपने पीएम-किसान आवेदन की स्थिति जानने के लिए 155261 नंबर डायल कर सकते हैं।

## खेती में खुले मन से किसान करें टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त जारी की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्राकृतिक खेती को लेकर गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के साथ-साथ यूपी, उत्तराखंड में बहुत बड़े स्तर पर किसान काम कर रहे हैं। गुजरात में तो जिला और ग्राम पंचायत स्तर पर भी इसको लेकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से छोटे किसानों को कैसे लाभ होता है, इसका एक उदाहरण पीएम किसान सम्मान निधि भी है। इस योजना के शुरू होने के बाद से दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा सीधे किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसान घर बैठे ही देश की किसी भी मंडी में अपनी उपज बेच सके, ये भी द्व-ह्नरूके माध्यम से किया जा रहा है। आज सबसे अधिक खर्च जिन चीजों को आयात करने में हमारा होता है, वो खाने का तेल है, फर्टिलाइजर है, कच्चा तेल है, इनको खरीदने के लिए ही हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये हमें दूसरे देशों को देना पड़ता है। विदेशों में अगर कोई समस्या आती है तो इसका बुरा असर हमारे यहां भी पड़ता है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज एक और बहुत बड़ी चुनौती है जिसका जिक्र मैं अपने किसान भाइयों और हमारे इनोवेटर्स के सामने जरूर करना चाहूंगा। आत्मनिर्भर पर इतना बल मैं क्यों दे रहा हूं और खेती की, किसानों की इसमें क्या भूमिका है, ये हम सभी को समझ कर मिशन मोड में काम करने की जरूरत है। आज



सबसे अधिक खर्च जिन चीजों को आयात करने में हमारा होता है, वो खाने का तेल है, फर्टिलाइजर है, कच्चा तेल है, इनको खरीदने के लिए ही हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये हमें दूसरे देशों को देना पड़ता है। विदेशों में अगर कोई समस्या आती है तो इसका बुरा असर हमारे यहां भी पड़ता है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसान घर बैठे ही देश की किसी भी मंडी में अपनी उपज बेच सके, ये भी द्व-ह्नरूके माध्यम से किया जा रहा है।

# Congress President Election

## मतदान खत्म, 19 अक्टूबर को आएगा नतीजा; होगा खड़गे व थरूर की किस्मत का फैसला

नई दिल्ली।

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए मतदान खत्म हो गया। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर मैदान में हैं। 9,000 से अधिक प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डेलीगेट ने इस मतदान में हिस्सा लिया। इसके लिए सोमवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आईसीसीसी मुख्यालय समेत देश भर के पार्टी प्रदेश कार्यालयों में मतदान हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए देशभर में 36 पोलिंग बूथ बनाए गए थे।




### मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस दिन का था इंतजार

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए अपना वोट डालने आईं सोनिया गांधी ने आज कहा कि वे इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहीं थीं। सोनिया गांधी और कांग्रेस की जनरल सेक्रेटरी प्रियंका गांधी वाड्रा एक साथ अपना वोट डालने के लिए आईसीसी मुख्यालय पहुंचीं। चुनाव के बारे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सोनिया ने कहा, इस दिन के लिए मैं लंबे समय से इंतजार कर रही हूं।

### 24 साल में पहली बार गांधी परिवार से बाहर का होगा कांग्रेस नेतृत्व

कांग्रेस पार्टी में नए अध्यक्ष का चुनाव होना है, जो 24 सालों में पहली बार गांधी परिवार से बाहर का होगा। सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जोर दिया कि गांधी परिवार के नेतृत्व की सख्त जरूरत होगी और यह आने वाले दिनों में पार्टी में अहम भूमिका निभाएगी। पार्टी का नया अध्यक्ष अब तक सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष पद पर रहीं सोनिया गांधी की जगह लेंगे। 1998 से सोनिया के नेतृत्व में पार्टी का काम-काज हो रहा था। बीच में दो साल- 2017 और 2019 में राहुल गांधी पार्टी में बतौर अध्यक्ष रहे।

## सिसोदिया से सीबीआई की पूछताछ खत्म : 9 घंटे तक हुए सवाल, आज पूछताछ के लिए नहीं बुलाया गया

नई दिल्ली.

मनीष सिसोदिया सोमवार को जब घर से रवाना हुए तो उन्हें पत्नी ने तिलक लगाया। रैली में निकले तो शहादत के गाने बज रहे थे। इसके बाद वे राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे।

दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के डिप्टी ष्टरू मनीष सिसोदिया से पूछताछ खत्म हो गई है। सीबीआई ने आज उनसे करीब 9 घंटे सवाल किए। वे 11 बजकर 15 मिनट पर सीबीआई दफ्तर पहुंचे थे और करीब 8 बजकर 50 मिनट पर वहां से बाहर निकले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजेंसी ने कल सिसोदिया को पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है।

सीबीआई दफ्तर पहुंचते ही उन्हें एंटी करप्शन ब्रांच के फर्स्ट फ्लोर पर ले जाया गया। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, स्न्ढ्ढक्र में नामजद अन्य आरोपियों से उनके संबंधों और तलाशी के दौरान मिले डॉक्यूमेंट्स के बारे में पूछताछ की गई।

पूछताछ शुरू होते ही केजरीवाल ने ट्वीट



किया, 8 दिसंबर को गुजरात चुनाव के नतीजे आएंगे। ये लोग तब तक मनीष को जेल में रखेंगे। ताकि मनीष गुजरात में प्रचार के लिए ना जा पाएं। उधर, सीबीआई दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे आप नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हिरासत में लिए गए नेताओं में सांसद संजय सिंह भी शामिल हैं।

सिसोदिया सीबीआई दफ्तर से पहले आप दफ्तर और फिर राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन किया। सिसोदिया घर से निकले तो पत्नी ने तिलक लगाया, मां ने पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया। खुली कार में लाव लश्कर के साथ निकले, इस दौरान शहादत के गीत बज रह थे। आम रास्ते पर रैली जैसा नजारा बन गया। बोले- मेरी गिरफ्तारी की तैयारी है और मैं कुर्बानी के लिए तैयार हूं। उनकी रैली पर भाजपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आप नौटंकी में जुटी है। ये जश्न-ए-भ्रष्टाचार है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, सिसोदिया अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर खुली कार में नारे लगा रहे हैं, ऐसा लग रहा है कि आप ने भ्रष्टाचार का वर्ल्ड कप जीत लिया है।



# 12 जिले दीपावली पर सस्ती बिजली से होंगे रोशन

## सामूहिक रोशनी के लिए 4 रुपए 47 पैसे बिजली सस्ती

जयपुर।

जयपुर डिस्कॉम एरिया में आने वाले 12 जिलों में दीपावली के त्योहार पर सामूहिक रूप से सजावटी रोशनी के लिए टेम्परेरी कनेक्शन लेने पर बिजली सस्ती रेट्स पर मिलेगी। इनमें जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाईमाधोपुर, टोंक और करौली जिले शामिल हैं। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने दीपावली पर टेम्परेरी बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई करने वाले बाजारों के व्यापार मंडलों के साथ ही संस्थाओं को सामान्य रेट पर बिजली देने का फैसला लिया है। दरअसल, जयपुर डिस्कॉम 500 यूनिट से ज्यादा खपत वाले उपभोक्ताओं के अघरेलू कनेक्शन पर 8.95 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिल वसूलता है।

लेकिन अस्थायी कनेक्शन पर डेढ़ गुना टैरिफ यानी 13.42 रुपए प्रति यूनिट की कैल्कुलेशन से बिल बनता है। लेकिन अब 4.47 रुपए प्रति यूनिट का फायदा होगा। इसके अलावा 135 रुपए प्रति किलोवाट फिक्स के चार्ज देने होंगे। डिस्कॉम के वाणिज्य अधीक्षण अभियंता पी.के. गुप्ता की ओर से जारी आदेश के अनुसार दिवाली पर बाजारों में सामूहिक सजावट के लिए अस्थाई कनेक्शन जारी किए जाते हैं। जयपुर के व्यापार मंडलों के अलावा नगर निगमों, जयपुर विकास प्राधिकरण आदि की ओर से 25 किलोवाट क्षमता से ज्यादा के अस्थाई कनेक्शन लिए जाते है, इन कनेक्शनों से अघरेलू श्रेणी की वर्तमान सामान्य दरों से राशि वसूल की जाएगी।

### जयपुर में 80 से ज्यादा बाजारों को मिलेगी सब्सिडाइज रेट पर बिजली

**इस फैसले से सिर्फ जयपुर शहर में ही 80 से ज्यादा बाजारों को दीपावली पर रोशनी की सजावट के लिए सब्सिडाइज रेट पर बिजली मिलेगी। व्यापार मंडलों को सजावट के टेम्परेरी बिजली कनेक्शन पर कॉमर्शियल की सिंगल टैरिफ यानी 8.95 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिल देना होगा। सीएम अशोक गहलोत के निर्देश पर जयपुर डिस्कॉम की कॉमर्शियल विंग ने इसके आदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग बैठक में बाजारों को हर साल की तरह रियायती रेट पर सस्ती बिजली देने को कहा था। जिसके बाद डिस्कॉम की कॉमर्शियल विंग के सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर पीके गुप्ता ने आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है रकि दीपावली पर सामूहिक सजावट के लिए व्यापार मंडलों, नगर निगम, जेडीए आदि को 25 किलोवाट कैपेसिटी से ज्यादा के अस्थाई बिजली कनेक्शन से अघरेलू श्रेणी की वर्तमान सामान्य रेट से बिल वसूलने का निर्णय लिया है।**

### दीपावली से पहले सभी कनेक्शन जारी करने के निर्देश

**जयपुर डिस्कॉम के एमडी अजीत कुमार सक्सेना ने दीपावली पूर्व मेंटिनेंस कार्य की समीक्षा की है। उन्होंने अधिकारियों को दीपावली पर बिना व्यवधान बिजली आपूर्ति और सभी नए आवेदनों के कनेक्शन दीपीवली से पहले जारी करने के निर्देश दिए हैं।**

### रोशनी के त्योहार पर 5 की बजाय 7 दिन मिलेगी छूट

बिजली के बिलों में यह छूट 5 दिन के दीपोत्सव की बजाय 7 दिन के लिए मिलेगी। क्योंकि ज्यादातर व्यापार मण्डल और संस्थाएं 7 दिन के लिए रोशनी की सजावट करना चाहते हैं। व्यापार मण्डलों ने धनतेरस के दो दिन पहले से रोशनी शुरू करवाने का प्लान किया है। जो दीपावली के दो दिन बाद तक जारी रहेगी। दीपावली के अगले दिन भाई दूज रहता है। व्यापार मंडलों, बाजारों, मॉल्स ने दीपावली पर सुंदर सजावट करने का प्लान किया है।

**2 साल के कोविड पीरियड के बाद चमक-दमक के साथ मनेगी दीपावली सुहानी**-कोविड महामारी के 2 साल के कठिन पीरियड के बाद इस बार दीपावली सुहानी होगी। चमक दमक के साथ बाजार रोशन होंगे। घर-दुकान, प्रतिष्ठानों पर सुंदर रोशनी की भव्य सजावट होगी। बाजारों में पैसा बरसेगा। लोग खरीदारी को उमड़ेंगे। इसलिए व्यापार मंडलों ने भी दीपावली की सजावट दो दिन एक्स्ट्रा करने के लिए कनेक्शन के लिए अप्लाई किया है।

## सम्पादकीय

# कामयाबी के मोर्चे

परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आइएनएस अरिहंत के जरिए कामयाब परीक्षण के साथ ही भारत ने जल सेना के मोर्चे पर एक मील का पत्थर कायम किया है। इस परीक्षण को इसलिए ज्यादा महत्त्व दिया जा रहा है कि इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता है। गौरतलब है कि आइएनएस अरिहंत रणनीतिक लिहाज से भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी है और जलक्षेत्र में युद्ध के मद्देनजर इसकी उपयोगिता जगजाहिर रही है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस मिसाइल का परीक्षण पूर्व निर्धारित सीमा तक किया गया। इसने बंगाल की खाड़ी में तय लक्ष्य पर जो निशाना साधा, वह पूरी तरह सटीक रहा। इससे पहले परीक्षण निश्चित पानी के नीचे के पोंटून से किए गए थे, लेकिन इस बार पनडुब्बी के जरिए ही मिसाइल छोड़ा गया। इसके अलावा, मिसाइल परीक्षण ने अपने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। इस सफल परीक्षण से यह भी साबित हुआ कि अब स्वदेशी आइएनएस अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियां दुश्मनों की किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। दरअसल, मौजूदा विश्व के बदलते आयाम के बीच समंदर और इसकी सतह के नीचे की क्षमताओं पर भी किसी युद्ध के नतीजे निर्भर करेंगे। पिछले कुछ सालों से भारत अपने आसपास जिस तरह की चुनौतियों से घिरा है और खासतौर पर चीन और पाकिस्तान का जैसा रुख सामने आता रहा है, उसमें हर मोर्चे पर बरती गई सावधानी ही एक सबसे अहम मोर्चा है। यों सैन्य संसाधनों के मामले में भारत पहले भी कमजोर नहीं रहा है, लेकिन अब नए और ज्यादा क्षमता वाले हथियारों से लैस होने की ओर बढ़ते कदम ने युद्ध की स्थिति में नया भरोसा पैदा किया है।

आइएनएस अरिहंत की पनडुब्बी से किया गया ताजा परीक्षण भी इस लिहाज से एक बड़ी जरूरत को पूरा करता है कि मोर्चे पर तैनाती के बाद भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां जल क्षेत्र से सीधे चीन और पाकिस्तान को निशाना बना सकती हैं। एक अहम तथ्य यह भी है कि भारत अब अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन के बाद बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बी रखने वाला दुनिया का छठा देश हो गया है। यानी कहा जा सकता है कि इस मामले में हमारा देश दुनिया की सैन्य महाशक्तियों की श्रेणी में खड़ा हो गया है।

यों भारत अपनी ओर से युद्ध जैसे हालात पैदा करने की कोशिश कभी नहीं करता है, लेकिन अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना किसी भी संप्रभु देश का पहला दायित्व है। भारत को यह सावधानी बरतने की जरूरत खासतौर पर दो पड़ोसियों- चीन और पाकिस्तान की वजह से पड़ती रहती है। इन दोनों देशों की ओर से बिना किसी उकसावे या वजह के भी सैन्य मोर्चों पर जिस तरह की हरकतें सामने आती रही हैं, उसमें अगर भारत अपनी ओर से सावधान न रहे तो इसका बड़ा खमियाजा उठाना पड़ सकता है। यह पिछले कुछ सालों में अक्सर साबित होता रहा है, जब चीन मनमानी तरीके से भारतीय इलाकों में घुसपैठ करता या सैन्य दखल देता है या फिर पाकिस्तान सीमा पर अकारण गोलीबारी करने से लेकर आतंकवादियों को चुपके से सीमा पार कराने की कोशिश करता है। अगर किन्हीं हालात में ऐसे टकराव का विस्तार हुआ तो एक अहम मोर्चा जल सेना को भी लेना होगा। खासतौर पर परमाणु हथियारों की होड़ के दौर में हर स्तर पर तैयार रहना वक्त की जरूरत है और इसीलिए आइएनएस अरिहंत से बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण की अपनी अहमियत है।

# बदल रही है बरसात की चाल

**'क्लाइमेट ट्रेंड्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई से सितंबर के दौरान मानसून प्रायः झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के रास्ते उत्तर प्रदेश से होकर आगे बढ़ता है, मगर इस वर्ष इसने उत्तर भारत में प्रवेश के अपने परंपरागत मार्ग गंगीय मैदान क्षेत्र के बजाय मध्य भारत का रास्ता पकड़ा। मध्य भारत से होते हुए राजस्थान की ओर बढ़ गया, जिसके चलते इस वर्ष उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल में काफी कम बारिश हुई, जबकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा कुछ अन्य इलाकों में खूब बारिश हुई। इस रिपोर्ट के मुताबिक मानूसन के तरीके में दूसरा बड़ा बदलाव यह देखा गया कि इस बार अधिकांश 'सिस्टम' बंगाल की खाड़ी में निर्मित हुए, जिसके चलते शुरुआती बारिश तमिलनाडु और कर्नाटक में काफी ज्यादा हुई, जबकि अरब सागर से लगते तटीय इलाकों में कम बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मानूसन में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों ही ओर से कम दबाव का क्षेत्र तथा चक्रवाती परिसंचरण निर्मित होते हैं, जो समूचे भारत में मानसूनी बारिश करते हैं। मगर अरब सागर में बनने वाले सिस्टम घटने से मानसून का मिजाज बिगड़ रहा है।**

**मानूसनी** बारिश में अब शहर के शहर, गांव के गांव डूब जाते हैं। ऐसे में यह गंभीर सवाल खड़ा होता है कि आखिर मानसूनी बारिश अपना व्यवहार क्यों बदल रही है? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में अवैध खनन आदि प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव के चलते तबाही के मामले बढ़ रहे हैं। इस साल मानसून की शुरुआत से ही देश के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश, बाढ़, बादल फटने, बिजली गिरने और भू-स्खलन से तबाही का सिलसिला शुरू हो गया। देश के कई इलाके बारिश के लिए तरसते रहे, तो अनेक इलाकों में आसमानी आफत टूटती रही। इससे बहुत सारे लोगों की मौत हो गई। यह पर्यावरण असंतुलन का ही दुष्परिणाम है कि साल-दर-साल बरसात में तबाही की तीव्रता बढ़ रही है। अक्तूबर माह में भी भारी बारिश के कारण देश के कई राज्यों में काफी तबाही हुई है। फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसके चलते आने वाले दिनों में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अक्तूबर मध्य में भी भारी बारिश होने से डेंगू जैसी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। मानसून के दौरान महीने के अधिकांश दिन अब सूखे निकल जाते हैं, तो कुछेक दिनों में ही इतनी बारिश हो जाती है कि लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ जाती हैं। जलवायु विज्ञानियों का मानना है कि वैश्विक तापमान के कारण मानसून प्रभावित हुआ है और इसी कारण भारत में मानसून की विदाई के समय मानसूनी बारिश का सिस्टम बन रहा है। इसी के चलते अक्तूबर के महीने में भी इस साल भारी बारिश हुई। 1971 से 2009 के दौरान मानसून के छंटने के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर मौसम विभाग द्वारा 2020 में मानसून के छंटने की तारीख 17 सितंबर निर्धारित कर दी गई थी, लेकिन देश के कई राज्यों में अब मानसून की अवधि लगातार लंबी हो रही है।

सामान्य तौर पर भारत में मानसून सितंबर मध्य में वापस लौटने लगता है, जिसे 'मानसून विड्राल' कहा जाता है। इस दौरान बारिश खत्म होने के साथ ही नमी में कमी दर्ज की जाती है और देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बारिश का धीरे-धीरे कम होना जारी रहता है। उत्तर पश्चिम भारत में जहां अक्तूबर के पहले सप्ताह में ही मानसून बाद की बारिश की गतिविधियां समाप्त हो जाती थी, वहीं यह सिलसिला अब अक्तूबर के तीसरे सप्ताह तक जारी रहने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सामान्य तौर पर मानूसन समूचे भारत से 5 अक्तूबर तक विदा हो जाना चाहिए। उत्तर पश्चिमी राज्यों में मानसून प्राय- राजस्थान में करीब डेढ़ महीने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में करीब तीन महीने रहता था, मगर अब यह राजस्थान में दो महीने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में करीब चार महीने तक टिक रहा है। उत्तर भारत में अब बारिश के मौसम को सोलह दिनों तक विस्तारित किया जा चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल मानसून कई जगहों पर देर से पहुंचा, जिसके चलते देश के पश्चिमी हिस्सों में सितंबर तक सक्रिय रहा और इसी सक्रियता का असर मानसून के लौटने की प्रक्रिया पर पड़ा है। पर्यावरण विज्ञानियों के



अनुसार मानसून का परंपरागत मार्ग बदलने से जलवायु पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिसका असर इंसानों से लेकर जानवरों तक पर दिखाई देगा। मानसून के जुलाई तथा अगस्त महीने के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद 'क्लाईमेट ट्रेड्स' की रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिमी राजस्थान में 78 फीसद, कच्छ में 42, पश्चिमी मध्यप्रदेश में 36, मराठवाड़ा में 27, गुजरात में 24 और विदर्भ में 22 फीसद ज्यादा बारिश हुई, वहीं उत्तर प्रदेश में 44, बिहार में 39, झारखंड में 27 और पश्चिम बंगाल में 18 फीसद कम बारिश हुई। विभिन्न अध्ययनों में यह तथ्य बार-बार सामने आ रहा है कि मानसूनी बारिश की तीव्रता बढ़ते जाने का सबसे बड़ा कारण वैश्विक तापमान ही है और अगर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ इसी प्रकार जारी रहा तो ऐसी त्रासदियां आने वाले समय में और गंभीर रूप लेंगी, लेकिन प्रकृति द्वारा बार-बार दी जा रही गंभीर चेतावनियों के बावजूद कोई इनसे सबक सीखने को तैयार नहीं दिखता। एक ओर जहां आर्थिक रूप से संपन्न देशों ने प्रकृति से छेड़छाड़ का सिलसिला जारी रखा है, वहीं विकासशील देशों ने भी जलवायु परिवर्तन को कभी बहुत गंभीरता से नहीं लिया। विकसित देश इस समस्या पर नियंत्रण के प्रयास के बजाय इसकी जिम्मेदारी का ठीकरा विकासशील देशों पर ही फोड़ते रहे हैं। मानूसनी बारिश में अब शहर के शहर, गांव के गांव डूब जाते हैं। ऐसे में यह गंभीर सवाल खड़ा होता है कि आखिर मानसूनी बारिश अपना व्यवहार क्यों बदल रही है? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में अवैध खनन आदि प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव के चलते तबाही के मामले बढ़ रहे हैं। मौसम परिवर्तन पर 'नेचर कम्युनिकेशन' में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण भारत के एक हिस्से में जहां सूखे का संकट गहराने की आशंका है, वहीं देश के बड़े हिस्से को अगले तीस वर्षों में भारी बारिश का सामना करना पड़ सकता है। अध्ययन में उत्तर भारत में सूखे का संकट गहराने और वर्ष 2050 तक देश के कई हिस्सों में पंद्रह से तीस फीसद ज्यादा बारिश होने की संभावना जताई गई है।

## व्यापार समाचार

### एरिक्सन ने 5जी एकल नेटवर्क बनाने के लिए जियो के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली।

दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एरिक्सन ने सोमवार को देश में 5जी एकल (एसए) नेटवर्क बनाने के लिए रिलायंस जियो के साथ दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की। यह घोषणा भारत में हाल में हुई 5जी नीलामी के तहत स्पेक्ट्रम आवंटन के बाद की गई है। एक बयान के अनुसार देश में रेडियो एक्सेस नेटवर्क तैनाती के लिए जियो और एरिक्सन के बीच यह पहली साझेदारी है। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, हम जियो के 5जी एसए तैनाती के लिए एरिक्सन के साथ साझेदारी करके खुश हैं... हमें विश्वास है कि जियो का 5जी नेटवर्क भारत के डिजिटलीकरण को गति देगा और डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में नींव के रूप में काम करेगा। बयान में कहा गया है कि जियो द्वारा एकल 5जी नेटवर्क तैनाती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है, क्योंकि इससे उपभोक्ताओं और उद्यमों को वास्तव में परिवर्तनकारी 5जी अनुभव मिलेंगे।

### हेटेरो ने तेलंगाना में जॉनसन एंड जॉनसन का विनिर्माण संयंत्र खरीदा

नई दिल्ली।

दवा कंपनी हेटेरो ने तेलंगाना के पेनजेरला में जॉनसन एंड जॉनसन के विनिर्माण संयंत्र का अधिग्रहण किया है। कंपनी संयंत्र के विकास पर अतिरिक्त 600 करोड़ रुपये का निवेश भी करेगी। सूत्रों के अनुसार, हेटेरो ने 130 करोड़ रुपये में अमेरिकी कंपनी के संयंत्र का अधिग्रहण किया है। हेटेरो ने बयान में कहा कि यह संयंत्र 55.27 एकड़ में फैला हुआ है। यह कंपनी की प्रमुख दवा और 'बायोलॉजिक्स' विनिर्माण इकाई होगी। इससे रोजगार के 2,000 अवसर सृजित होंगे।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा बीती तिमाही में दोगुना होकर 535 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2022-23 की जुलाई-सितंबर तिमाही में दोगुना होकर 535 करोड़ रुपये हो गया। बीओएम ने सोमवार को शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में यह जानकारी दी। बैंक ने कहा कि फंसे हुए कर्ज में कमी आने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बीओएम ने जुलाई-सितंबर, 2021 में 264 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। आलोच्य तिमाही में बैंक की कुल आय भी बढ़कर 4,317 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 4,039 करोड़ रुपये था। बैंक का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) 30 सितंबर तक सकल ऋण के मुकाबले 3.40 प्रतिशत था।

### ओरिएंटल होटल्स को जुलाई-सितंबर में 11.05 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली।

ताज समूह की इकाई ओरिएंटल होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 11.05 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.63 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

# तेजी में बंद हुआ शेयर बाजार : सेंसेक्स 491 अंक बढ़कर 58,410 पर बंद हुआ, निफ्टी 126 अंक चढ़ा

मुंबई।

वैश्विक बाजारों में सुधार आने और घरेलू स्तर पर लिवाली तेज होने से सोमवार को सेंसेक्स 491 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 17,300 का स्तर हासिल करने में सफल रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी दिवस पर बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 491.01 अंक यानी 0.85 प्रतिशत बढ़कर 58,410.98 अंक पर पहुंच गया। हालांकि इसकी शुरुआत कमजोर रही थी और यह 57,639.80 अंक तक फिसल गया था। लेकिन कुछ समय बाद ही सेंसेक्स संभल गया और कारोबार के अंत तक अपनी मजबूती को बनाए रखा। एक समय सेंसेक्स ने 58,449 अंक का स्तर भी छू लिया था।



एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी कारोबार के अंत में 126.10 अंक यानी 0.73 अंक की तेजी के साथ 17,311.80 अंक पर पहुंच गया। इस तरह दोनों ही सूचकांक लगातार दूसरे कारोबारी दिवस पर बढ़त लेने में सफल रहे। शुक्रवार को भी दोनों सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई थी।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से एसबीआई, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडसइंड बैंक अच्छी बढ़त लेने में सफल रहे। दूसरी तरफ लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएस टेक्नोलॉजीज, विप्रो, टाटा स्टील, नेस्ले, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल के शेयरों को नुकसान उठाना पड़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त लेने में सफल रहे जबकि जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ।

यूरोप के शेयर बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। हालांकि अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को खासी गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत गिरकर 91.57 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध बिकवाली की थी। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,011.23 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

### 2030 तक 65 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन क्षमता गैर-जीवाश्म ईंधन से होगी : आर के सिंह

नई दिल्ली।

बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को कहा कि देश में 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का हिस्सा 65 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। उन्होंने हरित ऊर्जा पर भारतीय उद्योग परिसंघ के एक सम्मेलन में कहा कि भारत ने बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने कहा कि देश में 2030 तक 90 गीगावाट से अधिक सौर उपकरण निर्माण क्षमता होगी।

वर्तमान में यह क्षमता 20 गीगावाट है। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 15-20 गीगावाट सौर उपकरण विनिर्माण क्षमता निर्माणाधीन है। भारत में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना के तहत 40 गीगावाट क्षमता वाले संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। मंत्री ने उद्योग जगत से उच्च दक्षता वाले सौर उपकरणों के विनिर्माण में बदलाव करने का भी आग्रह किया।

# भारत में 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वर्ष 2005-06 से लेकर 2019-21 के बीच भारत में करीब 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और इस मामले में एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (ओपीएचआई) की तरफ से सोमवार को जारी नए बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) में भारत के गरीबी उन्मूलन प्रयासों की सराहना की गई। इसके मुताबिक वर्ष 2005-06 से लेकर 2019-21 के दौरान भारत में 41.5 करोड़ लोग गरीबी के चंगुल से बाहर निकलने में सफल रहे। एमपीआई रिपोर्ट में इस कामयाबी को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास बताया गया है। रिपोर्ट कहती है, यह दर्शाता है कि वर्ष 2030 तक गरीबों की संख्या को आधा करने के सतत विकास लक्ष्यों को बड़े पैमाने पर हासिल कर पाना संभव है। संयुक्त राष्ट्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इस रिपोर्ट का विवरण देते हुए कहा कि भारत में इन 15 वर्षों के




दौरान करीब 41.5 करोड़ लोगों का बहुआयामी गरीबी के चंगुल से बाहर निकल पाना एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सतत विकास लक्ष्यों के नजरिये से भारत का मामला अध्ययन करने लायक है। यह गरीबी को पूरी तरह से खत्म करने और गरीबी में रहने वाले सभी पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों की संख्या को वर्ष 2030 तक आधा करने के बारे में है। रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2020 में भारत की जनसंख्या के आंकड़ों के हिसाब से 22.89 करोड़ गरीबों की संख्या दुनिया भर में सर्वाधिक है। भारत के बाद 9.67 करोड़ गरीबों के साथ नाइजीरिया इस सूची में दूसरे स्थान पर है। इसके मुताबिक, जबर्दस्त कामयाबी मिलने के बावजूद 2019-21 के इन 22.89 करोड़ गरीबों को विपन्नता के दायरे से बाहर निकालना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि आंकड़ा जुटाए जाने के बाद यह संख्या निश्चित रूप से बढ़ी ही है। गौर करने वाली बात यह है कि 2019-21 में भारत में 9.7 करोड़ बच्चे गरीबी के चंगुल में थे जो कि किसी भी अन्य देश में मौजूद कुल गरीबों की संख्या से भी अधिक है। इसके बावजूद बहुआयामी नीतिगत नजरिया यह बताता है कि समेकित हस्तक्षेप से करोड़ों लोगों की जिंदगी बेहतर बनाई जा सकती है। हालांकि इस रिपोर्ट में कहा गया है कि तमाम प्रयासों के बावजूद भारत की आबादी कोविड-19 महामारी के दुष्प्रभावों और खाद्य एवं ईंधन की बढ़ती कीमतों के प्रति कमजोर बने हुए हैं। पौष्टिक खानपान एवं ऊर्जा कीमतों से निपटने के लिए जारी समेकित नीतियों को प्राथमिकता दिए जाने की वकालत भी की गई है। इसमें कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के गरीबी पर प्रभाव को पूरी तरह से नहीं आंका गया है। इसका कारण जनसंख्या और स्वास्थ्य सर्वे से संबंधित 2019-2021 का 71 प्रतिशत आंकड़े महामारी के पहले के हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। हालांकि, आपके विचारों में स्थिरता का अभाव रहने से कुछ मामलों में उलझन का अनुभव होगा। किसी छोटी यात्रा के संयोग खड़े होंगे। भाई-बंधुओं के साथ मेल-जोल बना रहेगा।

### वृषभ

मन की कमजोर स्थिति महत्वपूर्ण अवसरों से आपको दूर कर सकती है। आज नए काम का आरंभ करना उचित नहीं है। बातचीत में आपका लापरवाही पूर्ण व्यवहार संघर्ष खड़ा करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

### मिथुन

आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रालंकार और मित्रों-स्वजनों से आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा। दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना का अनुभव होगा।

### कर्क

परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है। किसी के साथ गलतफहमी या वाद-विवाद होने की संभावना है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा, परंतु मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में मांगलिक काम होंगे।

### कन्या

नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

### तुला

व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

### वृश्चिक

वाणी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कामों के अतिरिक्त नए काम हाथ में लेना उचित नहीं है। बीमार पड़ने के योग है। खान-पान में ध्यान रखें। आध्यात्मिक साधना के लिए समय अच्छा है।

### धनु

पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। अपोजिट सेक्स के दोस्तों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। दांपत्यजीवन में उत्तम सुख की प्राप्ति होगी।

### मकर

आज आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरल रहेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ

आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के संबंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशानी होगी। विचारों में तेजी से परिवर्तन के कारण मानसिक स्थिरता में खलल होगी। आज नए कामों का आरंभ न करना हितकर है।

### मीन

परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे। धन और कीर्ति की हानि होगी। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

# खाखोली गोशाला सुसाइड मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## गत दिनों गौशाला अध्यक्ष ने की थी आत्महत्या



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम खाखोली में गत दिनों में गौशाला अध्यक्ष द्वारा सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने रविवार देर शाम को दो जनों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब हो कि मौलासर पुलिस ने दो आरोपियों को पूर्व ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि ग्राम खाखोली में गौशाला अध्यक्ष गिरधारी राम ने सुसाइड नोट में छः जनों का नाम लिखकर तंग परेशान करने से आहत होकर आत्म हत्या करने का आरोप लगाया था। जिस पर मौलासर थाना अधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि मेघवाल द्वारा सुसाइड नोट में हनुमानराम, श्यामलाल, चुनाराम, शिवराज भाकर, महेंद्र कुमार, पृथ्वी राम आदि के नाम थे। थानाधिकारी रलिया ने बताया की हनुमानराम और श्यामलाल की जांच जारी हैं जबकि चुनाराम और शिवराज भाकर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया। थानाधिकारी रलिया ने बताया की महेंद्र कुमार और पृथ्वी राम को गिरफ्तार किया गया हैं जिन्हें सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायलय ने आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिया। ज्ञात रहे है कि 3 अक्टूबर की सुबह ग्राम खाखोली निवासी गौशाला अध्यक्ष गिरधारी राम ने एक पेड़ से लटकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके पास से कुछ लोगो के नाम लिखा सुसाइड मिला।

# सिवरेज कार्य में तोड़ी सड़क का पूर्ण निर्माण नहीं करने पर शिकायत

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )।** बस स्टैंड से करंट बालजी मंदिर का मुख्य मार्ग जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार हो गया है। इस मुख्य मार्ग के क्षतिग्रस्त सड़क पर हुए गड्ढे कभी भी हादसों का सबब बन सकते हैं। रही सही कसर सीवरेज कार्य के दौरान एलएनटी कार्मिको ने पूरी कर दी है। इस बारे में स्थानीय दुकानदार दिनेश सैन ने गुरु तेज सिंह अधीक्षण अभियंता रुडीप को पत्र लिखकर सड़क का पूर्ण निर्माण कर जांच की मांग की है। सैन ने बताया कि लाडनूं शहर की मुख्य सड़क मार्ग जो करंट बालाजी चौराहे से बस स्टेंड तक का मुख्य मार्ग हैं। यह सड़क डिवाइडर से 2 भागो में विभाजित है इसके एक भाग पर सिवरेज का कार्य हुआ था जिसे करने के पश्चात इस सड़क पर थोड़ी दूर पर ट्रेंच यानी केवल पट्टिका ही बनाई गई हैं तथा थोड़ी दूर के बाद जो खुदाई की उसको ऐसे ही छोड़ दिया है ये रोड शहर के प्रमुख मार्गो में से एक हैं और जिस सड़क पर खुदाई हुई है वो 4 मीटर दायरे के अंदर भी हैं तथा वो सड़क भी डामर सड़क है इसलिए नियमों के अंतर्गत सड़क का पूर्ण निर्माण करना चाहिए था लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया यहां महीनो से यही स्थिति हैं।

# जो बहादुर जमी से जुड़कर संघर्ष करता है, वो आगे जाकर राष्ट्र हित के लिए बहुत कुछ करता है : पूर्व विधायक जारोड़ा

## सांप्रदायिक धर्म सभा के साथ पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन





नरोत्तम जारोड़ियां

**कुरड़ायां/मेड़ता सिटी( नागौर डेली न्यूज़ )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ मेड़ता के तत्वाधान में द्वितीय, तृतीय सोपान पीएलटी प्रशिक्षण कान्हा महाविद्यालय रामलियावास में आयोजित पांच दिवसीय शिविर का सोमवार को समापन हुआ। वहीं रविवार को दर्शक दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा,एसीबीईओ व स्काउट जिला कमिश्नर गोविंदराम बेड़ा एसीबीईओ श्रीराम खोजा, आरपी मुरलीधर रांकावत, बिलाड़ा उपप्रधान संपतराम अड़िग रहें। कार्यक्रम स्काउट ब्लॉक सचिव श्रीकिशन जादम व शिविर संचालक जगदीशलाल गुर्जर के नेतृत्व में हुआ। पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने संबोधित करते हुए स्काउट संगठन का धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने छात्र के जीवन में राष्ट्र निर्माण राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की। स्काउट प्रशिक्षण में बहुत कुछ सीखने को मिलता है,जो आगे जाकर जीवन में बहुत काम आती है वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा कार्यक्रम में मेरी बहुत रूचि है इसके कारण मेरा जारोड़ा गांव का विद्यालय राजस्थान में सर्वश्रेष्ठ रहा है। जारोड़ा ने बालचरो को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण जीवन में बहुत काम आएगा क्योंकि जो बहादुर जमी से जुड़कर संघर्ष करता है, वो आगे जाकर राष्ट्र हित के लिए बहुत कुछ करता है। वहीं स्काउट जिला कमिश्नर गोविंदराम बेड़ा ने कहा कि स्काउट टोपी की लाज रखना, हमेशा सेवा करना, साथ ही संस्कारी बनो। कार्यक्रम में बालचरो द्वारा नृत्य व संस्कृति झांकियां प्रस्तुत की गई?

**इन अतिथियों ने गांठें व प्राथमिक चिकित्सा का किया अवलोकन व स्मृति चिन्ह दिए :** कलरू सरपंच अशोक जूरिया, सुखाराम लुणियास,बुधाराम छाबा,बीटन सरपंच पुरुषोत्तम, नंदाराम मेहरिया, रामावतार लेगा, धर्माराम भादू, सुखदेव बांगड़ा कैलाश भादू सही बात ईटीओ ने बालचरो के प्रशिक्षण का अवलोकन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### पांच दिवसीय शिविर में इन लोगों का सहयोग रहा

कान्हा महाविद्यालय डायरेक्टर महिपाल चौधरी, नदराज चारण, रामअवतार चौधरी, महिपाल कलवाणिया, प्रदीप भीरड़ा मुन्नाराम भीरड़ा, जीतेन्द्र भीरड़ा सहित लोगों का इस आवासीय शिविर में सहयोग रहा।

### धर्मशाला के दौरान यह मौजूद रहे स्काउट शिक्षक

स्काउट ब्लॉक सचिव श्रीकिशन जादम,शिविर संचालक जगदीशलाल गुर्जर, गौतम सिखवाल, रामचंद्र पिचकिया, चेनाराम पंवार, सुखदेव दाधीच, जितेन्द्र, रामराज लटियाल, श्रवण, सुरज सैन, किशोर सैनी, हेमेंद्रसिह, अमरचन्द, जितेन्द्रसिंह, गणपत, सुरेन्दसिह सहित शिक्षकों व बालचरो ने धर्म सभा के दौरान होम में आहुतियां देकर शिविर का समापन किया।

# शिक्षक समाज का आईना : पी आर मेघवाल

## अम्बेडकर शिक्षक संघ द्वारा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

इलियास खान



**रियांबड़ी ( नागौर डेली न्यूज़ ) ।** कस्बे के पादूकलां रोड़ पर स्थित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सोमवार को सीबीईओ प्रह्लाद राम मेघवाल द्वारा पदभार ग्रहण करने पर अम्बेडकर शिक्षक संघ रियांबड़ी के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अम्बेडकर संघ के अध्यक्ष रामकिशोर परिहार सहित संघ के पदाधिकारियों द्वारा सीबीईओ पी आर मेघवाल का राजस्थानी परम्परानुसार माला व साफा पहनाकर इस्तकबाल किया गया। सीबीईओ मेघवाल ने कहा कि यह सम्मान मेरे जीवन में एक याद के रूप में जीवंत रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है।

उनके द्वारा बच्चों को जिस शिक्षा के सांचे में ढाला जाए वह उसी में ढ़लते हैं। जो बच्चे सही रूप में शिक्षा को आत्मसात कर गुरु के आदर्शों के साथ आगे बढ़ते हैं वही बच्चे देश व समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आह्वान किया कि एक शिक्षक को जिसे गुरु को दर्जा मिला हैं उसका सम्मान बचाते हुए अपने दायित्वों व जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक निभाने की जरूरत है। तभी एक शिक्षक व गुरु की परंपरा अपने आप में देश व समाज के लिए सच्ची सेवा का कार्य करेगी। इस मौके पर अध्यक्ष परिहार ने उपस्थित सभी शिक्षकों का मुंह मीठा कर खुशी का इज़हार किया।

कार्यक्रम में सीबीईओ प्रह्लादराम तानाण, एसीबीईओ असलम अली, आर पी गोपाल सिंह व भगवती प्रसाद टेलर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर उपशाखा रियांबड़ी अध्यक्ष रामकिशोर परिहार , सचिव घनश्याम चौहान, सभाध्यक्ष कैलाश राम डेवाल, दुर्गाराम मेहरा, मुकेश भरोला, शिवकरण भरोला, नेमाराम कड़ेला, भावेश कुमार , पृथ्वी सिंह, मांगीलाल, रामस्वरूप आकोदिया, विजय फड़ौलिया, मोतीराम कड़ेला, चेनाराम डेवाल, दिनेश छाबा , रामाकिशन कासनिया , जरीफ मोहम्मद,, गणपत राम जाट , मनीष कुमार, कमलेश कुमार, रमेश कुमार , रामकिशोर आदि उपस्तिथ रहे ।

# नगरपालिका डेगाना ने अब तक 981 पट्टे किए वितरित



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** सोमवार को नगरपालिका डेगाना कार्यालय में राज्य सरकार के द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के तहत पट्टे वितरित किये गये। इस अवसर पर अजमेर संभाग प्रेक्षक भंवर सिंह चारण द्वारा अभियान का निरिक्षण कर पट्टे बाँटे गये। पालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल ने सरकार की योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। इस दौरान पालिका अधिशाषी अधिकारी सुनील चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहें अभियान के तहत् पालिका द्वारा विभिन्न योजनाओं में आज तक कुल 981 पट्टे एवं सोमवार 10 पट्टे वितरण किये है। इस दौरान प्रेक्षक भंवर सिंह चारण द्वारा आमजन से वार्ता की एवं राज्य सरकार की मंशा अनुरूप अधिक से अधिक शिविरं का लाभ उठाकर फ्री होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में बताया गया। बैठक में पालिका के कार्मिक जितेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार दरिया, सुशीला, इन्द्र सिवंर, रामचन्द्र पंवार, जस्सी प्रजापत एवं जनप्रतिनिधि मंशीराम खिलेरी आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारियों को नहीं आमजन की फिकर

## मारोठ पेट्रोल पम्प से श्यामगढ़ सड़क के हाल बेहाल

### हर रोज हादसे होने के बावजूद भी विभाग नहीं आया हरकत में

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) ।** नावां श्यामगढ़ मार्ग में मारोठ पेट्रोल पम्प से श्यामगढ़ सड़क अपनी बदहाली पर पिछले काफी दिनों से आंसू बहा रहा है। इस सड़क को बनाए अभी 5 वर्ष भी पूरे ही नहीं हुए की नावां श्यामगढ़ सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए साथ ही साथ यह सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं। उखड़ी सड़क और गड्डो की वजह से वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस सड़क मार्ग पर लगे साइन बोर्ड पर लिखे अनुसार नावा श्यामगढ़ 20 किलोमीटर सड़क के लिए 10 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई इस सड़क का निर्माण 11 मार्च 2017 को प्रारंभ किया गया और 10 दिसंबर 2017 को कार्य पूर्ण कर लिया गया कार्य की 3 वर्ष की गारंटी अवधि थी । हालांकि गारंटी पीरियड में ही सड़क उखड़ने लगी थी और उसी समय पेच पर पेच कर के काम चलाना पड़ा, जिसको लेकर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस सड़क मार्ग पर हो रहे गड्ढों को दुरस्त कराया जाए की शिकायत की थी । इस बारे में ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिकारियों को बार बार शिकायत कर अवगत कराया गया। लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी बारिश के मौसम में गड्ढे होने का हवाला देते रहे। अगर विभागीय अधिकारियों द्वारा समय पर टूटी सड़कों को लेकर उचित कार्यवाही की जाती रहे तो सड़को की इस तरह दयनीय हालत नहीं हो। आमजन ने प्रशासन से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द नावां श्यामगढ़ सड़क मार्ग को दुरस्त हो। हालांकि हेमा की ढाणी से मारोठ पेट्रोल पंप तक कुछ दिन पहले पेच निकाले गए हैं लेकिन मारोठ पेट्रोल पंप से श्यामगढ़ तक गहरे गड्ढे जानलेवा बने हुए हैं ।

मारोठ भेरुजी मंदिर के पास बना गहरा गड्ढा जानलेवा साबित हो रहा है। कई गाड़ियों को नुकसान हो चुका है वहीं मारोठ और सोलाया के बीच पगल्या वाले बाबा के पास बना हुआ गड्ढा आए दिन हादसे का न्योता दे रहा है कई वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं कई गाड़ियां पलटी खा चुकी है लेकिन विभाग द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया।

**इनका कहना है :** इस सड़क मार्ग पर हो रहे गहरे गड्ढों को बंद किया जा रहा है। जल्द ही पेच कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**कैलाश दंगल एक्शन सार्वजनिक निर्माण विभाग ।**

# प्रधानमंत्री आवास योजना से बने आवासों का किया निरीक्षण

## योजना से जीवन में आए परिवर्तन की ली जानकारी : गिल

रियांबड़ी (नागौर डेली न्यूज) ।



सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र गिल ने सोमवार को रियांबड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जड़ाऊ कलां में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बनाएं गए आवासों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी गिल ने लाभार्थियों से आवास समेत सरकारी योजनाओं द्वारा जीवन मे हुए परिवर्तन व मिल रहें लाभ के बारे में जानकारी ली। जानकारी के दौरान लाभार्थियों से बातचीत की कि किस तरह से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और आवास मिलने के बाद किस तरह जीवन यापन हो रहा है। अधिकारी गिल ने बताया कि सरकार की सोच हैं की अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सामान्य नागरिक की तरह जीने का अधिकार मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की है और उनके पुराने अनुभव और आवास मिलने के बाद अनुभव की जानकारी ली है। अधिकारी गिल ने बताया कि जो लोग पॉलिथीन या छप्परनुमा कच्चे मकान में रहते थे उनको कितनी कठिनाइयां आती है। प्रधानमंत्री योजना के तहत गरीबों को आवास दिया और उन आवास में रहने वाले लोग बहुत खुश हैं। आवास के साथ शौचालय, गैस, बिजली, पानी व अन्न वितरण जैसी सुविधाएं देकर गरीबी से ऊपर उठाने का प्रयत्न किया है जो सार्थक दिखाई दे रहा है। लाभार्थियों ने बताया पहले कच्चे मकान में बरसात के मौसम में रात जागकर गुजारना पड़ता था। और गिरने का डर लगा रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री योजना में पक्का मकान मिल जाने के बाद जीवन में सुकून हो गया है।

# नगरपालिका ने आवारा गौवंश पर शिकंजा कसा

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) ।** शहरी क्षेत्र में घूम रही निराश्रित गायों को लेकर नगर पालिका प्रशासन गंभीर नजर आ रही है। आए दिन होने वाले हादसों को देखते हुए इसको लेकर कार्यवाहक ई.ओ. डॉ सुरेंद्र भास्कर ने सख्त कदम उठाए हैं। इस दौरान लावारिस गायों को गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र में बड़ी संख्या में लावारिस गोवंश घूमती रहती है। जिनसे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। भास्कर ने बताया कि नगर पालिका की तरफ से गोवशों को पकड़ने के लिए पालिका के महेंद्र जमादार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। यह टीम पालिका क्षेत्र में पशू पिंजरा लेकर निकलती है। जो दिन भर इनको को पकड़कर गोशालाओं में डालने का काम करती है। इस बारे में महेद्र जमादार ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशानुसार निराश्रित गायों को पिंजरे से पकड़ कर खिंदास गौशाला में छोड़ी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब एक दर्जन से भी अधिक गोवंशों को भेजा जा चुका है। नगरपालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार डॉक्टर सुरेंद्र भास्कर की मॉनिटरिंग पर यह अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान क्षेत्र में घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को गोशालाओं में भेजा रहा है। गौरतलब है कि नेशनल हाईवे सहित कस्बे के मुख्य मार्गों में निराश्रित गोवंशों के चलते आए



दिन हादसें होते रहते है। कभी कबार आपस में भिड़ जाने पर यह खुद भी घायल हो जाते है और महिलाओ, बुजुर्गों एवं बच्चों को भी अपनी चपेट में ले लेते है। अभियान के तहत उपखंड अधिकारी के कार्यालय के आसपास घूमने वाले लावारिस गोवंशों को छोड़ने का कार्य फिलहाल जारी है।

# अल्पसंख्यक विभाग की छात्रवृत्ति के आवेदन 30 अक्टूबर तक

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज़ )।** अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार कालवा ने बताया कि अल्प संख्यक मामलात विभाग द्वारा जैन, बौद्ध, ईसाई, मुस्लिम, सिख, पारसी समाज को प्रदान की जा रही प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स एवं बेगम हजरत महल छात्रवृति आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी है।

इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित छात्रवृति किसी भी ई-मित्र पर अपने आवश्यक दस्तावेज यथा, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अध्ययनरत प्रमाण पत्र संलग्न कर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से एनएसपी पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। एनएसपी पोर्टल पर उन्हीं विद्यालयों / महाविद्यालयों का नाम शो होता हैं जिन्होंने अपने संस्थान का आईएनएसपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर आधार प्रमाणीकरण स्थानीय कार्यालय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय नागौर से आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर लिया हैं। यदि किसी संस्थान द्वारा यह प्रक्रिया अपनाई नहीं जाती हैं तो उसका नाम एनएसओ पोर्टल पर शो नहीं होगा और ना ही उस संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों को किसी प्रकार की छात्रवृति प्राप्त होगी। एनएसपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सम्बन्धित संस्थान को एनएसपी पोर्टल पर इंस्टीट्यूट लॉगइन पर जाकर यू डाइस कोड की मदद से फार्म ओपन करना होगा जिसमें वे अपनी संस्था से सम्बन्धित जानकारी भरेंगे और भरे गए फार्म को सबमिट कर उसकी 3 पेज का एक प्रिंट निकाल कर प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य हस्ताक्षर मय सील कर आधार कार्ड प्रति व आधार लिंक मोबाईल नम्बर सम्बन्धी सूचना जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय जिला कलक्टर परिसर नागौर पर भेज सकते हैं और स्थानीय कार्यालय द्वारा उचित प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यालय को उपलब्ध करवाए गए मोबाईल नम्बर पर आईडी व पासवर्ड भेज दिया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कालवा ने बताया कि अब तक कार्यालय को 2797 पोस्ट मैट्रिक, 104 मेरिट कम मीन्स व 17949 प्री मैट्रिक स्कॉलरशीप व 1109 बेगम हजरत महल के आवेदन संस्थाओं के स्तर पर प्राप्त हुए हैं और सम्बन्धित संस्था उक्त फार्मों की पूर्णतया जांच कर जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के यहां फारवर्ड करेंगे। कालवा ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा अभी तक 25 प्रतिशत आवेदन ही प्राप्त हुए हैं अतः समस्त संस्थाओं से अपेक्षा है कि जरूरतमंद व योग्य अर्थियों के ज्यादा से ज्यादा आवेदन करवायें।

कालवा ने यह भी बताया कि अब तक नागौर जिले में 1900 से अधिक ऐसी संस्थाएं हैं जिन्होंने अभी तक एनएसपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया हैं और बिना रजिस्ट्रेशन के उन संस्थाओं में अध्ययनरत बच्चों को छात्रवृति मिलना असंभव हैं जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी संस्था प्रधान की होगी।

# दीपावली से पहले मिली राहत की सड़क

## घाटवा 35 किलोमीटर सड़क बनकर तैयार, अब घाटवा पहुंचने में लगेगा आधा घण्टा, मैसर्स एन.आर. बराला ने किया है सड़क निर्माण कार्य

सद्दाम रँगरेज



**कुचामनसिटी।** कुचामनसिटी को शेखावाटी जिले से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग स्टेट हाइवे संख्या 113 से अब पांचवा-चित्तावा-घाटवा पहुंचना अब आसान हो गया है। यहां कुचामनसिटी से घाटवा तक 35 किलोमीटर की चमचमाती डामर एवं सीमेंट सड़क तैयार हो गई है। विधायक महेन्द्र चौधरी के विशेष प्रयासों से राज्य सरकार ने इस सड़क निर्माण कार्य के लिए 28 करोड़ रुपयों का बजट स्वीकृत किया था। सड़क का निर्माण कार्य कुचामनसिटी के मैसर्स एन.आर. बराला द्वारा किया गया है। विशेष बात यह है कि सड़क की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य की जांच करने पर किसी भी जगह पर गुणवत्ता में कमी नहीं मिली है।

**दीपावली पर दोहरी खुशी :** चित्तावा-घाटवा क्षेत्र के लोगों के लिए यह त्योंहार दुगुनी खुशी लेकर आएगा, क्योंकि दीपावली तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। इस सड़क के निर्माण से पूर्व लोगों को कुचामनसिटी-घाटवा मार्ग पर जाना अत्यन्त मुश्किल कार्य लगता था। सड़क निर्माता ठेकेदार लक्ष्मण बराला ने बताया कि अभी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने में नियमानुसार छह माह का समय शेष है लेकिन दीपावली से पूर्व सड़क को पूर्ण कर दिया जाएगा। इस सड़क का निर्माण कार्य 17 अप्रेल 2023 तक पूर्ण होने सम्बन्धी टेण्डर जारी हुआ था। जानकारी के अनुसार यह सड़क कुचामनसिटी के वीर तेजा सर्किल से घाटवा तक बनाई गई है, जिसे ग्राम शिवदानपुरा तक पूर्ण कर दिया गया है। हालांकि सड़क निर्माण कार्य तो लगभग वीर तेजा सर्किल तक पहुंच गया है लेकिन शिवदानपुरा से कुचामनसिटी तक सड़क के दोनों ओर पटरियों का कार्य फिलहाल बाकी है, जो जल्द ही पूर्ण होगा। बहाव क्षेत्रों में सीमेंट सड़क- बराला ने बताया कि उपमुख्य सचेतक एवं विधायक महेन्द्र चौधरी के विशेष प्रयासों से चित्तावा में बाईपास रोड बन गई है। चौधरी ने सड़क की गुणवत्ता में कत्तई समझौता नहीं करने के विशेष निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि विधायक के निर्देशानुसार लाम्बा, चित्तावा, नालोट, कुचामनसिटी में पानी बहाव क्षेत्रों में 9-10 इंच मोटाई की शानदार सीमेंट सड़क बनाई गई है ताकि लम्बे समय तक लोगों को सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके।

**ग्रामीणों में खुशी की लहर :** सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय से छह माह पूर्व करने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्राम दीपपुरा, पांचवा, कुकनवाली, चित्तावा, लाम्बा, नालोट घाटवा के वाशिन्दों ने शानदार सड़क निर्माण के लिए जहां विधायक महेन्द्र चौधरी का आभार जताया है वहीं समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने पर ठेकेदार मैसर्स एन.आर. बराला का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि कुचामनसिटी से पांचवा, कुकनवाली, चित्तावा, घाटवा सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, ऐसे में ग्रामीणों द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्निर्माण की मांग विधायक महेन्द्र चौधरी से की जा रही थी। कुचामनसिटी से घाटवा पहुंचने में पूर्व में दो से ढाई घण्टे का समय लगता था वहीं अब मात्र आधा घण्टे में यह दूरी तय हो सकेगी। बराला ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान ग्रामीणों का भी पूर्ण सहयोग रहा।

**कुकनवाली-पांचवा में भी बाईपास की जरूरत :** कुचामनसिटी से घाटवा मार्ग पर तीन गांवों में बाईपास की निहायत जरूरत थी। इनमें से चित्तावा में बाईपास निर्माण कार्य हो चुका है। कुकनवाली एवं पांचवा में भी बाईपास मार्ग निर्माण की निहायत जरूरत महसूस हो रही है। दोनों गांवों में सड़क काफी कम चौड़ाई वाली है। कुकनवाली के मुख्य बाजार में तो एक बस आ जाए तो सामने से आ रहे वाहन के निकलने जितनी जगह भी नहीं बचती। यदि इन दोनों गांवों में बाईपास मार्ग और बन जाए तो ग्रामीणों को सड़क का खासा लाभ मिल सकता है।

### इनका कहना



सड़क निर्माण कार्य दीपावली से पूर्व पूर्ण करवा दिया जाएगा। शिवदानपुरा से कुचामनसिटी तक पटरियों का कार्य दीपावली बाद हो पाएगा। माननीय विधायक महोदय के निर्देशानुसार सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा गया है। विधायक चौधरी के प्रयासों से ही चितावा में बाईपास निर्माण कार्य हो पाया है।

**-लक्ष्मण बराला, प्रोप्राइटर, मैसर्स एन.आर. बराला।**

# मयूर पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### तमसो मा ज्योतिर्गमय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



सुशील दिवाकर

**मेड़ता सिटी( नागौर डेली न्यूज )** । मयूर पब्लिक स्कूल मेड़ता सिटी में आगामी दीपावली के पर्व को लेकर तमसो मा ज्योतिर्गमय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उल्लास पूर्वक भाग लिया ।संस्थान के निदेशक डॉ अंकुर जैन ने बताया कि इस मौके पर स्कूली बच्चों ने अपने हाथों से रंग बिरंगे दीपक बनाएं इसके साथी स्कूल में बच्चों ने रंगोली भी बनाकर आगामी दीपोत्सव की तैयारियां को अंतिम रूप दिया। इसके साथ ही स्कूल परिसर में आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है । इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन समय-समय पर विद्यालय परिसर में किया जाता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बलदेवराम धोलिया सहित अन्य स्टाफ गण मौजूद रहे।

**दीपावली के पर्व को लेकर स्कूली बच्चों ने हाथ से रंग बिरंगे दीपक**

# सहकारी समिति के विकास के लिए उठाएंगे ठोस कदम

### सहकारी समिति की प्रथम बैठक में हुए प्रस्ताव पारित



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज )** । सोमवार को कस्बे के राज ने चिकित्सालय के पास स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति में प्रथम बैठक अध्यक्ष बुधाराम मुंडेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने लंबे अरसे से बंद पड़ी कोऑपरेटिव को चालू करवाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष मुंडेल ने कहा कि सभी के सहयोग से सहकारी समिति के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यूको बैंक के साथ चल रहे हैं प्रकरण को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि जल्दी ही इस मसले का हल निकाला जाएगा। समिति के माध्यम से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर भी रोस्टर तैयार किया जाएगा। अध्यक्ष कक्ष एवं समिति परिसर के नवीनीकरण और लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बजरंग सिंह जोधा, नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुबान खां मुल्तानी, हेमराज दिवाकर, श्रवण कुमार ढाका, भीयांराम पेड़ीवाल, श्याम सुंदर थारोल, अमीरदीन मुल्तानी, दौलत खा मुल्तानी, गोपीराम पुनिया, इकबाल ठेकेदार, कमरूदीन ठेकेदार, इब्राहिम मौलाना, अयूब स्या, हनुमान प्रसाद सेन, बाबु खां मुल्तानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राउमावि खान तलाई के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** ए.यू. फाइनांश बैंक द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलिट खेलकूद प्रतियोगिता में एक बार पुनः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खान तलाई विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम की है। हर वर्ष की भांति एयू फायनांश बैंक ने मारवाड़ केसरी पब्लिक स्कूल पांचवा के खेल मैदान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें शारीरिक शिक्षक श्रीमती सुमन कुमारी के नेतृत्व में टीम खान तलाई ने भी भाग लिया तथा विभिन्न इवेंट में अपनी धाक कायम रखते हुए चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता खिलाड़ियों को बैंक द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। राउमावि खान तलाई में भी विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करने वाली शारीरिक शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष एवं विद्यालय की शारीरिक शिक्षक श्रीमती सुमन कुमारी का भी सम्मान किया गया, साथ ही विद्यालय में डिवार्मिंग की टेबलेट भी वितरित की गई। इस अवसर पर एसीबीईओ दिनेशसिंह चौधरी, प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया।

# पंचायत समिति की साधारण सभा आज

सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** पंचायत समिति कुचामनसिटी की साधारण सभा 18 अक्टूबर को आयोजित होगी। विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बैठक में उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी, सांसद हनुमान बेनीवाल, जिला प्रमुख भागीरथराम चौधरी, परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया, प्रधान सुश्री सविता चौधरी, उपप्रधान मोहनलाल कुमावत सहित सभी जिला परिषद् सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों एवं सरपंचों को आमन्त्रित किया गया है। बैठक प्रातः 11 बजे प्रारम्भ होगी, जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, गत बैठक में लिए गए निर्णयों की पालना एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुश्री सविता चौधरी करेंगी।

# परेवड़ी सरपंच सोनी सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने पर सम्मानित हुए



सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम पंचायत परेवड़ी के सरपंच राजकुमार सोनी ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत ग्राम पंचायत की 21 बालिकाओं के योजना में खाते खुलवाए है। सरपंच राजकुमार सोनी ने बताया कि सरपंच खारिया देवीलाल दादरवाल से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत परेवड़ी में 21 कन्याओं के खाते खुलवाए गए है। सरपंच सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुकन्या समृद्धि योजना में हर जनप्रतिनिधि के साथ आम आदमी को भागीदार होकर योजना से जुड़ना चाहिए ताकि बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो सके। सरपंच सोनी ने बताया कि मॉडर्न महिला महाविद्यालय कुचामन सिटी में ग्राम पंचायत परेवड़ी के सरपंच राजकुमार सोनी को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नावां के पूर्व विधायक हरिश्चंद्र कुमावत, जिला प्रमुख भागीरथ राम चौधरी, पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, भाजपा नेता ज्ञानाराम रणवां, युवा नेता अशोक कुमार शर्मा जिलिया, डॉ. रजनी गावड़िया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# आधुनिक कृषि तकनीक का करें उपयोग : मातवा

### उद्यानिकी की नई तकनीकी सीखने किसानों का दल हाड़ौती रवाना

जुगल दायमा




**हरसौर( नागौर डेली न्यूज )।** सोमवार को कस्बे सहित आसपास के ग्रामीणचंल से उद्यानिकी की नई तकनीकी सीखने और प्रगतिशील किसानों की सफलता का राज जानने के लिए किसानों का दल हाड़ौती क्षेत्र के भ्रमण पर रवाना हुआ। पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा, प्रधान जसवंत सिंह थाटा, एसडीएम गौरीशंकर शर्मा, तहसीलदार महेश कुमार शेषमा ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य मातवा ने कहा कि आधुनिक खेती के प्रति रुझान बढ़ाते हुए कम क्षेत्र में अधिक पैदावार प्राप्त कर किसानों की आय में वृद्धि के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्नत उद्यानिकी के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है। कम लागत व सीमित संसाधनों में ज्यादा पैदावार प्राप्त करना प्रगतिशील किसानों की आवश्यकता बन गई है। अब किसान सिर्फ परंपरागत खेती पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उद्यानिकी की उन्नत तकनीकी के माध्यम से फल व फूल दार पौधारोपण करके ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त किया जा सकता है। क्षेत्र के किसानों का यह दल राजस्थान में कृषि विज्ञान केंद्र पर आम, अमरूद, अंगूर, फूलों की खेती, ओपन फील्ड एवं पॉली हाउस, नेट हाउस में फूलों तथा सब्जियों की उन्नात खेती का प्रक्षेत्र भ्रमण करेंगे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्नत उद्यानिकी प्रक्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और ड्रिप स्प्रिंकलर सिस्टम, मल्चिंग खेती के बारे में तकनीकी जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्नतशील किसानों के क्षेत्र का अवलोकन कर उद्यानिकी फसल उत्पादित किसानों से रूबरू होकर फसलों के रखरखाव, उत्पादित फसलों से लाभ एवं रोग व्याधियों से बचाव की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# टायर फटने से पलटी पिकअप, एक की मौत, 1 दर्जन से अधिक घायल

## किसान सम्मेलन नागौर से गांव पुंदलू लौट रहे थे सभी किसान





सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मेड़ता रोड थाना क्षेत्र के रेण पुलिस चौकी अंतर्गत नागौर - मेड़ता - अजमेर हाईवे पर रेन रेलवे फाटक के पास टायर फटने की वजह से पिकअप पलट गई। जिनमें गंभीर घायलों को अजमेर रेफर किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार सभी किसान नागौर में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होकर नागौर से अपने गांव पुंदलू आ रहे थे इस दौरान अचानक टायर फटने से पिकअप का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप पलट गई। हादसा इतना बड़ा था कि एक बार तो मौके पर अफरा तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर मेड़ता रोड पुलिस थाना और रेण चौकी के पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे वहीं राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस के अशोक बेनीवाल व राजू और पुलिसकर्मियों ने मेड़ता सिटी अस्पताल पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक मिली जानकारी के अनुसार रेफर के दौरान किसान भूराराम पुत्र नारायण राम निवासी पुंदलू उम्र 60 वर्ष की मृत्यु हो गई। और रामप्रकाश, तेज सिंह, जतन सिंह, चेनाराम, हरसुख, पुनाराम सहित कुल 13 आदमियों के घायल हो जाने की सूचना मिली है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए मेड़ता सिटी अस्पताल पहुंचाया गया। और दो गंभीर घायलों को अजमेर रेफर किया गया है। सूचना पाकर मेड़ता विधायक इंदिरा देवी बावरी भी तुरंत मौके पर पहुंची और आरएलपी संयोजक व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से दूरभाष पर वार्ता की। जिसके बाद सांसद बेनीवाल ने अजमेर अस्पताल एवं अजमेर जिला कलेक्टर को दूरभाष पर बात कर इमरजेंसी व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया।

### पांचौड़ी थाना क्षेत्र का मामला

# पुलिस ने नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

हुक्माराम ताडा

**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ )।** पांचौड़ी पुलिस थाना अंतर्गत नाबालिग बालिका का अपहरण करने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया है। वहीं पुलिस ने नाबालिक बालिका के पिता की रिपोर्ट के बाद 4 जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पांचौड़ी थाना अधिकारी दिलीप सहल जानकारी देते हुए बताया कि पांचौड़ी थाना क्षेत्र का मामला है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने नाबालिक लड़की को दस्तयाब कर लिया है। वहीं पीड़ित की रिपोर्ट के बाद मुख्य आरोपी पीराराम सहित चार जनों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के बाद के बाद पाक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# राजस्व दिवस पर शेषमा जिलास्तर पर सम्मानित

### उत्कृष्ट कार्यो पर जिला कलेक्टर ने किया सम्मान



इलियास खान

**रियांबड़ी ( नागौर डेली न्यूज़ ) ।** राजस्व दिवस पर जिला कलक्टर नागौर पीयूष सामरिया द्वारा रियांबड़ी तहसीलदार महेश कुमार शेषमा को उत्कृष्ट कार्यो हेतु जिलास्तर पर सम्मानीत किया गया।

उल्लेखनीय है कि राजस्व कार्यो के त्वरित निदान करने पर हर वर्ष राजस्व दिवस 15 अक्टूबर को यह पुरष्कार प्रदान किया जाता है। तहसीलदार महेश कुमार शेषमा को सम्मानित होने पर उपखंड अधिकारी रियांबड़ी गौरीशंकर शर्मा सहित उपखंड रियांबड़ी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई देकर स्वागत किया गया। इस दौरान जीवनराम, चंपालाल, इमरान कुरेशी, शेरसिंह, सुरेश चौधरी, अर्जुन पुरी सहित अधिवक्ताओ ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

# किसानों का मेड़ता एसडीएम कार्यालय के बाहर चल रहा धरना 27 अक्टूबर तक स्थगित

### बाजरे पर एमएसपी खरीद शुरू करने मूंग की अधिक खरीद की भी रखी मांग

## एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

मेड़ता सिटी(नागौर डेली न्यूज़) ।



मेड़ता सिटी के कचहरी परिसर के बाहर किसानों का चल रहा धरना आज 12 दिन आगामी 28 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया। किसान नेता सुशील रियाड ने बताया कि एमएसपी पर मूंग खरीद की मुख्य मांग को सरकार ने पूरा कर दिया है और अब एमएसपी पर प्रदेश में मूंग की खरीद शुरू हो गई है इसी को लेकर धरने को स्थगित किया गया उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में सरकार के समक्ष रखी हुई विभिन्न मांगे भी अगर पूरी नहीं होती है तो किसान धरने की शुरुआत फिर से करेंगे। सुशील रियाड ने बताया कि एमएसपी पर मूंग की खरीद की घोषणा कर सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब आगामी मुद्दा एमएसपी गारंटी कानून लागू कराने के लिए कि इसके साथ ही हरगांव एमएसपी,घर घर एमएसपी की मांग सरकार के समक्ष रखी जाएगी। इस मौके पर जस्साराम छाबा, रवि कमेडिया,किसान नेता रवि कमेड़िया, रामनिवास भंवरिया, केसाराम भंवरिया, रामकिशोर रियाड़ सोगावास, हड़मानराम दुगस्तावा, मुकेश सरगरा, बुद्धाराम रियाड़ सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com